भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2703
उत्तर देने की तारीख 10 मार्च, 2021

नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क

2703. श्रीमती सुमलता अम्बरीश; श्री बी.वाई.राघवेन्द्र; श्री नलीन कुमार कटील:
क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) के अन्तर्गत अब तक बिछाई गई ऑप्टिकल फाइबर की लम्बाई का ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इसके अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों को कब तक हासिल कर लिया जाएगा;

(ख) उक्त परियोजना के अन्तर्गत अब तक कर्नाटक सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड और वाई-फाई हॉटस्पॉट से जोड़ा गया है; और

(ग) उक्त परियोजना के अन्तर्गत कर्नाटक में जिले-वार कितनी ग्राम-पंचायतों को अभी तक जोड़ा नहीं गया है?

उत्तर
संचार, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) भारतनेट परियोजना (जिसे पहले राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के रूप में जाना जाता था) को कर्नाटक सहित देश की लगभग सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए चरणबद्ध रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है। दिनांक 26.02.2021 की स्थिति के अनुसार, इस परियोजना के तहत देश में कुल 5,05,462 कि.मी. ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाई गई है।

भारतनेट परियोजना को अगस्त 2021 तक पूरा करने की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस बार कोविड-19 महामारी के कारण विभिन्न सरकारों द्वारा गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए जाने और लॉकडाउन के चलते परियोजना को पूरा करने की गति प्रभावित हुई है जिससे इस समय-सीमा को बढ़ा दिया गया है।

(ख) राज्य/संघ-शासित प्रदेश वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) कर्नाटक में कल्बुर्गी (गुलबर्गा) जिले में केवल 4 ग्राम पंचायतें लंबित हैं।

अनुबंध-।

लोक सभा के दिनांक 10.03.2021 के अतारांकित प्रश्न सं. 2703 के भाग (ख) के उत्तर के संदर्भ में अनुबंध

भारतनेट के तहत सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों (ब्लॉक मुख्यालय सहित) और वाई-फाई हॉटस्पॉट सहित ग्राम पंचायतों की राज्य/संघ-शासित प्रदेश वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ-शासित प्रदेश	सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतें (ब्लॉक मुख्यालय सहित)	जिन ग्राम पंचायतों में वाई-फाई हॉटस्पॉट लगाए गए हैं उनकी संख्या
1	आंध्र प्रदेश	1707	1570
2	अरूणाचल प्रदेश	621	208
3	अंडमान और निकोबार	8	0
4	असम	1627	0
5	बिहार	8821	5345
6	चंडीगढ़	13	12
7	छत्तीसगढ़	7246	3664
8	दादर और नगर हवेली एवं दमन और दीव	39	41
9	गुजरात	13391	3755
10	हरियाणा	6203	5953
11	हिमाचल प्रदेश	370	254
12	जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख	1174	1138
13	झारखंड	3597	2381
14	कर्नाटक	6247	5358
15	केरल	1129	1047
16	लक्षद्वीप	0	0
17	मध्य प्रदेश	14949	10888
18	महाराष्ट्र	18954	10960
19	मणिपुर	1421	161
20	मिजोरम	368	0
21	मेघालय	494	70
22	नागालैंड	219	0
23	ओडिशा	5633	2514
24	पुडुचेरी	101	81
25	पंजाब	12795	7891
26	राजस्थान	8967	8124
27	सिक्किम	28	0
28	तमिलनाडु	0	0
29	तेलंगाना	2047	1997
30	त्रिपुरा	732	463
31	उत्तर प्रदेश	31229	26897
32	उत्तराखंड	1536	1251
33	पश्चिम बंगाल	2430	1377
	कुल	**154096**	**103400**

*****